राज्यपाल सचिवालय

राजभवन, जयपुर

## पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र के 'रंग स्वाधीन' समारोह का शुभारंभ

## राज्यपाल ने देखा 'कारगिल एक शौर्य गाथा' का मंचन

जयपुर, 8 अगस्त । राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने सोमवार शाम बिड़ला ऑडिटोरियम में 'आजादी का अमृत महोत्सव' के अंतर्गत 'राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय नई दिल्ली की रेपर्ट्री कम्पनी द्वारा मंचित ' कारगिल एक शौर्य गाथा' नाटक देखा। इससे पहले राज्यपाल ने पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक कैंद्र के तीन दिवसीय सांस्कृतिक समारोह 'रंग स्वाधीन' का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारम्भ किया।

देश प्रेम, शौर्य और मानवीय संवेदना के प्रभावपूर्ण अभिनय से सराबोर प्रस्तुति ने 1999 में बर्फीली चोटियों पर लड़े गए इस कठिन युद्ध और भारतीय जवानों के अप्रतिम शौर्य की स्मृतियां दर्शकों के समक्ष जीवंत कर दीं। नाटक में गीत, नृत्य और संगीत का बेहतरीन प्रभावोत्पादक संयोजन किया गया।

नाटक का लेखन आसिफ अली और निर्देशन शांतनु बोस ने किया है। आरम्भ में हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत वीडियो गीत का प्रदर्शन भी किया गया।

इस दौरान पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र उदयपुर की निदेशक श्रीमती किरण सोनी गुप्ता, गणमान्यजन और नाट्यप्रेमी उपस्थित रहे।

------